K21U 3661

Reg. No. : ....

Name : ....

ARTS AND SCIENCE CO... LIBRARY

II Semester B.Com./B.B.A./B.B.A.T.T.M./B.B.A.R.T.M./B.T.T.M./B.B.M. Degree (CBCSS – Supple.) Examination, April 2021
(2014 – 2018 Admission)
COMMON COURSE IN HINDI
2A08-1 HIN : Sampreshaneey Hindi

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । (1×7=7)

1) बेरोजगारी की समस्या पर आपका विचार व्यक्त कीजिए ।

2) पुस्तकालय की आवश्यकता पर अपना मत स्पष्ट कीजिए ।

II. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । (1×7=7)

3) मान लीजिए हिंदी के जाने-माने उपन्यासकार केरल आए हुए हैं । उनसे एक भेंटवार्ता तैयार कीजिए ।

4) संकेत बिंदुओं की सहायता से एक कहानी लिखिए ।

एक मां और बेटा – गरीब – बेटे का चोरी करना – मां की सहमति – एक दिन बेटे को पकड़ना – फांसी का सजा – मिलने मां का आना – मां के कान काटना – मां का रोना

III. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए । (3×3=9)

5) हिंदी में अनुवाद कीजिए ।

Tea has become very popular. In almost every home in a city or a town you find people taking tea at breakfast or on some other occasion. Whenever you go to a friend, he offers you a cup of tea. The habit of drinking tea is ever on the increase, but very few people know how to prepare good tea. To Prepare good and tasty tea is an art and this has to be learnt and practiced.

6) **अंग्रेजी** या **मलयालम** में अनुवाद कीजिए ।

विज्ञापन की विभिन्न लोगों ने भिन्न भिन्न प्रकार से परिभाषा की है । यह स्पष्ट और सरल रूप में विक्रय कला के मुद्रित रूप के अतिरिक्त और कुछ नहीं है । डॉ. जान्स के अनुसार यह उत्पादन को बहुत बड़ी मात्रा में बेचने की एक मशीन है जो विक्रय करता की वाणी और व्यक्तित्व की कमी को उसी प्रकार पूरा करती है । सरल रूप में कहें तो विज्ञापन मनुष्य को कार्य करने के लिए प्रेरित करने उसमें वस्तु को प्राप्त करने की इच्छा पैदा करने और उस वस्तु को रखने की इच्छा पैदा करने की कला है ।

7) मान लीजिए आपके कॉलेज से छात्र साइलेंटवाली की यात्रा पर जा रहे हैं । उसमें भाग लेने की अनुमति मांगते हुए पिताजी के नाम एक पत्र लिखिए ।

8) महेंद्र मित्तल द्वारा रचित व्यवहारिक हिंदी की 8 प्रतियां मांगते हुए प्रबंधक, शबरी संस्थान, दिल्ली 1100 51 के नाम पत्र लिखिए ।

IV. निर्देश के अनुसार किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (3×3=9)

9) निम्नलिखित शब्दों को **अंग्रेजी** में अनुवाद कीजिए ।

1) सत्यापन, परिवहन, अनुभाग, सूचना
2) आरक्षण, तकनीकी, पहचान पत्र, निधि
3) विज्ञप्ति, अनुमोदन, भत्ता, समिति
4) खाता, अनुदान, पंजीकरण, बीमा
5) परस्पर, सचिव, योग्यता, राजस्व
6) सूची, मुद्रा, शुल्क, स्नातक

10) निम्नलिखित शब्दों को **हिंदी** में अनुवाद कीजिए ।

1) Acceptance, Average, Advance, Amount
2) Formal, Eligibility, Inspector, Expenditure
3) Communication, Control, Date, Illegal
4) Record, Sale, Ownership, Benefit
5) Parliament, Auditor, Estimate, Demand
6) Credit, Clerk, Vacancy, Tender

11) किसी एक साबुन के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

12) संक्षेपण लिखिए ।

समाज की सेवा करना हमारा कर्तव्य है । समाज हमसे ही बनता और बिगड़ता है । समाज को स्वच्छ और सुंदर रखना परम आवश्यक है । संगति का असर मानव पर अत्यधिक पड़ता है । बुरे आदमियों की संगति में हम अच्छा नहीं रह सकते । जब परिवार में सभी आदमी दुख से पीड़ित हो उस समय हम हंस नहीं सकते । समाज के साथ तो हमें जीवन पर्यंत रहना है । यदि हमें अपने आप को सुखी और स्वच्छ रखना है तो अपने परिवार को, अपने पड़ोस को सुखी और स्वच्छ बनाना पड़ेगा । परिवार और पड़ोस समाज से ही जुड़े हैं । कुछ लोगों का कथन है कि समय की कमी के कारण हम समाज की सेवा करने में असमर्थ है । यह कथन आधार रहित है । आपका पड़ोसी दुख दर्द से कराह रहा है और आप ग्रामोफोन का रिकॉर्ड सुन रहे हैं । समाज के एक अंग विशेष के लिए आप उसकी सहायता नहीं कर सकते ।

V. कम से कम 4 वाक्य में किन्हीं 8 प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (8×1=8)

13) करण कारक एवं अपादान कारक के अंतर को समझाइए ।

14) पुरुषवाचक सर्वनाम का परिचय दीजिए ।

15) संज्ञा की परिभाषा देकर उसके भेदों को सोदाहरण समझाइए ।

16) क्रिया के भेद को सोदाहरण समझाइए ।

17) अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए । – गागर में सागर भरना ।

18) तीन एकार्थक शब्द लिखिए । – पृथ्वी ।

19) अनेकार्थी शब्द लिखिए । – चक्र ।

20) शुद्ध कीजिए । – मेरे से अब रहा नहीं जाता ।

21) शुद्ध कीजिए । – मैं ने वह काम कर सका ।

22) शुद्ध कीजिए । – आप यह पुस्तक पढ़ों ।